DOIT.C
Department of Information Technology & Communication, Rajasthan

# राजस्थान सरकार
# सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

## सूचना सहायक भर्ती 2023 में दस्तावेज सत्यापन में पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय अभ्यर्थी निम्न बातों का विशेष ध्यान रखें

- दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होने से पूर्व अभ्यर्थी आवेदकों के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश एवं सूचना सहायक के पद पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति संख्या 01/2023 दिनांक 16.01.2023 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।
- पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के समय अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र (Scrutiny Form) की एक प्रति अपने साथ लाएगें।
- अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से अपने साथ लायेंगे।**
- सभी अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होते समय अपने साथ कुछ, निर्धारित शपथ–पत्र एवं प्रारूप भर कर लाने है। जो कि विभागीय/बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है एवं अभ्यर्थी की व्यक्तिगत ईमेल पर भी प्रेषित की जाएगी। उन प्रपत्रों को शब्दशः टाइप करवाकर ही लाना है। उसकी भाषा/शब्दों में किसी भी प्रकार का बदलाव न करें। केवल वे ही प्रपत्र नोटरी से सत्यापित करवा कर तैयार करवाएं जिन पर ऐसा करने को लिखा है।
- अभ्यर्थी अपने साथ विस्तृत आवेदन पत्र (Scrutiny Form), शैक्षणिक, तकनीकी दस्तावेज, सभी प्रकार के प्रमाण–पत्र (मूल) साथ में लेकर आएगें। इन सभी मूल दस्तावेजों का एक प्रतिलिपि सेट, जिसके प्रत्येक पृष्ठ पर रोल नंबर, पृष्ठ संख्या एवं स्व–प्रमाणित कर Verification Check List में दिए गए क्रमानुसार संलग्न कर देगें। विभाग द्वारा प्रेषित समस्त प्रारूप एवं स्टांप पेपर पर बनने वाले सभी शपथ पत्र मूल ही लगेंगे।
- शैक्षणिक दस्तावेजों में डिग्री/डिप्लोमा व अन्य कोर्स में सभी अंकतालिकाएं (Including Back) लगाना आवश्यक है।
- बच्चों की सूचना एव ंदहेज संबंधित घोषणापत्र सभी अभ्यर्थियों (विवाहित/अविवाहित/विधवा/परित्यक्ता) को भरना आवश्यक है।
- मेडिकल एवं पुलिस वेरिफिकेशन अभी नहीं करवाना है। सिर्फ Attestation Form भर कर लाना है।
- जिन अभ्यर्थियों के दसवीं/बारहवीं के अंकतालिका एवं प्रमाण पत्र अलग–अलग नहीं है वो सिर्फ अंकतालिका ही प्रस्तुत करें।
- चरित्र प्रमाण पत्र के चार प्रिंट आउट ले (प्रत्येक सेट में कुल दो लगेगे) व इन चार में से दो चरित्र प्रमाण पत्र एक राजपत्रित अधिकारी से एवं दूसरे दो किसी अन्य राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित करावें।
- एक अन्य चरित्र प्रमाण पत्र अंतिम शिक्षण संस्थान से प्राप्त करे व उसकी स्वप्रमाणित प्रतिलिपि विभाग में जमा करावें। मूल प्रति अपने साथ अवश्य लांए।
- अगर आप वर्तमान में किसी भी सरकारी/गैर सरकारी संस्थान में कार्यरत है तो वहां से अनापत्ति प्रमाण पत्र जरूर प्रस्तुत करें।

सभी अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन दिनांक 18.11.2024 से 17.12.2024 तक निम्न स्थान पर होगा – सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग, कान्फ्रेन्स हॉल, ग्राउन्ड फ्लोर, आई टी बिल्डिंग, योजना भवन परिसर, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर – 302005 राजस्थान।

किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए केवल निम्न पर संपर्क करे –
दुरभाष – 0141-2921303 email : iaexam2023.doit@rajasthan.gov.in

**अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन से संबंधित जानकारी हेतु समय समय पर विभाग/बोर्ड की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।**